Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Meghwal Shri Kailash

an>

Title : Need to include Bisalpur Irrigation Project of Rajasthan under the command Area Development and water management Programme.

श्री कैलाश मेघवाल (टोंक) : सभापति महोदय, राजस्थान के टोंक जिले में बीसलपुर सिंचाई परियोजना के अंतर्गत बांध का निर्माण हुए बहुत समय हो चुका है। परियोजना क्षेत्र में नहरों एवं वितरिकाओं के निर्माण का कार्य राजस्थान सरकार के सिंचाई ि वभाग द्वारा पूरा किया जा चुका है, लेकिन बांध द्वारा सृजित सिंचाई क्षमता का वास्तविक उपयोग नहीं हो पा रहा है। क्योंकि खालों के निर्माण एवं ओ.एफ.डी. कार्यों हेतु प्रस्ताव केन्द्रीय प्रवर्तित योजना के अंतर्गत निर्माण कराने हेतु भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय को प्रस्तुत किए लम्बा अर्सा गुजर जाने के उपरान्त अभी तक स्वीकृति नहीं हुई है।

केन्द्र सरकार द्वारा कमान क्षेत्र विकास एवं जल प्रबन्धन कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्थान की मात्र तीन परियोजनाओं यथा (1) इन्दिरा गांधी नहर (2) चम्बल एवं (3) सिद्धमुख नहर परियोजनाओं में ही कार्य किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में चार परियोजनाओं की सीमा में बीसलपुर परियोजना को चौथी परियोजना के रूप में तत्काल शामिल किया जाना चाहिए। जिससे किसानों की कई लाख हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सके।